# हैंडीडार्ट और हैंडीकार्ड: सरलीकृत निर्देश

# HandyDART & HandyCard: Simplified Form Instructions

### HandyDART क्या है?

HandyDART एक घर-घर जाने वाली सार्वजनिक सवारी सेवा है जो उन विकलांग यात्रियों को ले जाने के लिए विशेष तौर पर सज्जित वाहन प्रयोग करती है जो बिना सहायता लिए सामान्य सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग करने में असमर्थ होते हैं। एक ड्राइवर आपके घर आएगा, गाड़ी में चढ़ने में आपकी मदद करेगा, और आपको सुरक्षित आपके गंतव्य तक लेकर पहुंचाएगा।

### क्या मैं पात्र हूं?

यदि आपको कोई भौतिक, संवेदी या संज्ञानात्मक विकलांगता है और आप बिना सहायता पारंपरिक सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग करने में असमर्थ हों, तो आप HandyDART का प्रयोग करने के लिए पात्र होंगे। HandyDART लायंस बे और एल्डरग्रोव तक के दूरस्थ क्लाइंट्स को सर्विस देता है, और बीच के क्षेत्रों में भी (बर्नबी, डेल्टा, फ्रेज़र नॉर्थवेस्ट, लैंगली, रिज मीडोज़, सरी, नॉर्थ डेल्टा, व्हाइट रॉक)। *HandyDART द्वारा बीसी ट्रांजिट के अंतर्गत एबॉट्सफ़ोर्ड, मिशन और चिलीवैक को सेवाएं दी जाती हैं। अधिक जानकारी तथा उनका फॉर्म देखने के लिए विज़िट करें www.bctransit.com.*

### HandyDART के लिए कैसे साइन अप करें?

इसमें आवेदन करने का कोई शुल्क नहीं है। उनका आवेदन फॉर्म प्रिन्ट करने और भरने के लिए ऐक्सेस ट्रांजिट कस्टमर केयर ऑफिस से **604-953-3680*** पर संपर्क करें, अथवा उनकी ऑनलाइन वेबसाइट www.translink.ca/HandyDART पर विज़िट करें।

आवेदन करने के लिए, कृपया सुनिश्चित करें कि आपके पास समस्त व्यक्तिगत जानकारी उपलब्ध हो जिसमें आपकी जन्मतिथि, घर का पता, डॉक्टर का नाम, और फोन नंबर, तथा सभी ऐसे विशेष चिकित्सा तथ्य शामिल हैं जिनके कारण सार्वजनिक परिवहन को उपयोग करने की आपकी योग्यता प्रभावित हो सकती हो।

### HandyDART और HandyCard में क्या अंतर है?

HandyDART एक घर-घर जाने वाली सार्वजनिक परिवहन सेवा है जो आवेदक को एक बुकिंग आईडी देता है जिसका फोन पर प्रयोग करके सवारी के लिए HandyDART वाहन बुक किया जाता है। HandyCard एक फोटो पहचान कार्ड है जो कार्डधारक को सामान्य परिवहन सेवाओं में रियायती किराए की पात्रता देता है (TransLink बसें, SkyTrains, SeaBus, तथा West Coast Express), जिसमें अटेंडेंट निशुल्क यात्रा कर सकता है।

### यदि मुझे आवेदन फॉर्मको पूरा करने में मदद चाहिए हो तो?

i. कोई ऐसा व्यक्ति ढूंढें जिसके पास आपके लिए आवेदन फॉर्म भरने के लिए समय हो और हुनर भी (कोई परिवार का सदस्य, पड़ौसी, कम्युनिटी सदस्य)।
ii. आवेदन फॉर्म भरने में सहायता के लिए **604-575-6600*** पर कॉल करें।
iii. अपने फैम्ली डॉक्टर से संपर्क करें और पूछें कि क्या वह आपकी अगली अप्वाइन्टमेन्ट पर आपके साथ आवेदन फॉर्म को भरेगा।

### मैं आवेदन फॉर्म कैसे पूरा करूं? (कदम-दर-कदम)


[1] प्रथम भाग में आपको एक या दोनों प्रोग्रैम चुनने होते हैं

  a. HandyDART: इसके लिए आवेदन हेतु कोई फोटो नहीं चाहिए होता है। आवेदन पर कार्रवाई हो जाने के बाद, आवेदक को एक **बुकिंग आईडी** दी जाती है।

**अगला पृष्ठ देखें ->**

***TransLink की सभी सेवाएं केवल अंग्रेज़ी में प्रदान की जाती हैं, अत: यदि आपको अंग्रेजी में दिए जाने वाले निर्देशों में सहायता की आवश्यकता हो तो कृपया अपने अनुवादक के साथ तैयार रहें।**

b. HandyCard: इसके लिए कागज के आवेदन पर दो वर्तमान हार्ड-कॉपी फोटो संलग्न करने होते हैं (बिना स्टेपल किए) या आवेदन के साथ एक डिजिटल फोटो ई-मेल करना होता है। इन फोटुओं का प्रयोग एक **फोटो आईडी कार्ड** तैयार करने के लिए किया जाता है।




c. हार्ड-कॉपी फोटो की माप: इनका आकार *3.2 सेमी x 3.2 सेमी अथवा 1.25 इंच x 1.25 इंच होना अनिवार्य है।*

d. डिजिटल फोटो की माप: न्यूनतम *300dpi* होना अनिवार्य है। JPEG, TIFF, और GIF फोटो फॉर्मेट स्वीकार किए जाते हैं।

[2] फॉर्म के दूसरे भाग में आवेदक की जानकारी की आवश्यकता होती है, जैसे कि: नाम, जन्मतिथि, पता, फोन नंबर, केयर होम का नाम (यदि लागू हो)।

[3] दूसरे पृष्ठ पर जारी द्वितीय भाग के लिए आपातकालीन संपर्क जानकारी की आवश्यकता होती है (नाम, फोन नंबर, संबंध)। इसमें आपसे जानकारी मांगी जाती है कि क्या आपको मदद के लिए हमेशा अटेंडेंट चाहिए होता है और किस कारण आप सामान्य परिवहन प्रणाली का प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं। इस फॉर्म में यह जानकारी भी चाहिए होती है कि यात्रा के दौरान आप कौन से चलने-फिरने की सामग्री का उपयोग करते हैं और उसकी माप क्या हैं (अर्थात, ऊंचाई, भार, चौड़ाई)।

[4] तीसरे भाग पर आवेदक के हस्ताक्षर चाहिए होते हैं जिसमें बताया जाता है कि उसने आवेदन फॉर्म को प्राधिकृत करने का निर्णय लिया है। यदि आवेदक फॉर्म पर शारीरिक रूप से हस्ताक्षर करने में असमर्थ है, तो उसे फॉर्म के बारे में समझाने वाला व्यक्ति हस्ताक्षर कर सकता है और लिख सकता है कि कैसे आवेदक से सहमति प्राप्त कीगई (हामी, हावभाव, आदि)। यदि आवेदक में निर्णय लेने की मानसिक क्षमता नहीं है, तो कानूनी अभिभावक आवेदक की ओर से फॉर्म पर हस्ताक्षर कर सकता है और हस्ताक्षर के बगल में इस बारे में टिप्पणी लिख सकता है।

[5] चौथा भाग आवेदक के फैम्ली डॉक्टर अथवा मेडिकल अथॉरिटी द्वारा भरे जाने के लिए है।

[6] भेजने से पहले सभी फॉर्मों को **पूरा करना** और उन पर **हस्ताक्षर करना** जरूरी है, अन्यथा वे लौटा दिए जाएंगे। आवेदन फॉर्म को भरने के संभावित तरीके हैं:

a. आवेदन डाक द्वारा यहां भेजें: Coast Mountain Bus Company
Access Transit Department
700-287 Nelsons Court, New Westminster, BC, V3L 0E7

b. आवेदन ई-मेल द्वारा यहां भेजें: accesstransit.registration@coastmountanbus.com

[7] HandyDart के आवेदन पर कार्रवाई होने में 5-10 दिन लगते हैं। HandyCard के आवेदन पर कार्रवाई होने में 4-6 सप्ताह लगते हैं।

**अधिक जानकारी हेतु 604-953-3680 पर संपर्क करें* अथवा विज़िट करें www.translink.ca/HandyDART**

***TransLink की सभी सेवाएं केवल अंग्रेज़ी में प्रदान की जाती हैं, अत: यदि आपको अंग्रेजी में दिए जाने वाले निर्देशों में सहायता की आवश्यकता हो तो कृपया अपने अनुवादक के साथ तैयार रहें।**